सिलक्यारा टनल राहत–बचाव कार्य

टोल फ्री –1077

दूरभाश– 01374–222722, 222126

मोबाईल–7500337269,7310913129, 7252887587

ई–मेल– ddmauttarkashi@gmail.com

वेबसाईट– www.ddmauttarkashi.in

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी, उत्तराखंड

सिलक्यारा टनल राहत–बचाव कार्य

मार्गदर्शन

श्री अभिषेक रूहेला
अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण / जिलाधिकारी, उत्तरकाशी

पर्यवेक्षण

श्री देवेन्द्र सिंह पटवाल
जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
उत्तरकाशी

संकलन

श्री जय प्रकाश सिंह पंवार, सहायक कन्सलटेंट
श्री केदार सिंह नेगी, ड्यूटी प्रभारी
श्री शार्दुल गुसांई, कनिष्ठ अभियंन्ता
श्री दलबीर सिंह राणा, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर

सहयोग

श्री मस्तान भण्डारी, मास्टर ट्रेनर
समस्त आपातकालीन परिचालन केन्द्र
एंव
त्वरित कार्यवाही में तैनात कर्मचारी

संदेश–

12 नवम्बर, 2023 को दीपावली के दिन प्रातः तहसील डुण्डा अन्तर्गत यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा–पोलगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग में हुई दुर्घटना के पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार के कुशल नेतृत्व में केन्द्र एंव राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों/विभागों, जिला प्रशासन एवं जिला उत्तरकाशी के समस्त नागरिकों के प्रयासों से जीवन संकट में फंसे देश के विभिन्न राज्यों के 41 श्रमिकों को सकुशल सुंरग से बाहर निकालकर उनके परिवार–जनों तक पहुंचाया गया।

इस अवधि में जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कैम्प कार्यालय स्थापित करते हुए समय–समय पर घटना स्थल पर मौजूद रहकर सम्पूर्ण बचाव अभियान की निगरानी की गयी। उक्त राहत–बचाव अभियान में केन्द्र एंव उत्तराखण्ड सरकार के अथक प्रयासों से जहॉ एक ओर भारत के विभिन्न विशेषज्ञ संस्थानों से समन्वय स्थापित करना सुगम हुआ वहीं दूसरी ओर उच्च तकनीकी संसाधन एवं विश्वस्तरीय विशेषज्ञों को घटना स्थल तक अत्यन्त कम समय में ला पाना सम्भव हो पाया। सभी विशेषज्ञ संस्थाओं के निन्तर सहयोग से ही 17 दिनों तक चले इस अभियान में नित नयी विषमताओं व बाधाओं के आने बावजूद भी बचाव दल का हौसला और विश्वास अडिग रहा।

17 दिनों तक चले इस राहत–बचाव अभियान के उपरांन्त अन्ततः 28 नवम्बर, 2023 को सुरंग के अन्दर फंसे सभी 41 श्रमिकों को सकुशल सुंरग से बाहर निकाला जा सका जिसके पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सभी से मुलाकात कर हालचाल पूछा गया तथा प्रत्येक श्रमिक को रू0 1.00 लाख की राहत राशि वितरित की गयी। चिकित्सकों द्वारा सभी मजदूरों का स्वास्थ्य सामान्य पाये जाने के बाद श्रमिकों को चिन्यालीसौड़ से वायुसेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से मानसिक परीक्षण हेतु AIIMS ऋषिकेश पहॅुचाया गया। जहां से सभी मजदूरों को गृह जनपद/आवास तक पहॅुचाया गया। इस घटना में राहत एवं बचाव कार्य की सफलता का मूलमंत्र कार्यरत कर्मियों व अन्दर फंसे मजदूरों की सूझ–बूझ, निष्ठा, संवेदनशीलता व धैर्य परिलक्षित हुआ है। जिसकी समस्त देश ही नही विदेशों में भी प्रशंसा की गयी।

10 जनवरी, 2024 उत्तरकाशी।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

सिलक्यारा टनल रेस्क्यू

दिनांक 12.11.2013

तहसील डुण्डा अन्तर्गत दिनांक 12.11.2023 को लगभग प्रातः 8:45 बजे एन0एच0आई0डी0सी0एल0 पूर्व महाप्रबन्धक, कर्नल दीपक पाटिल द्वारा दूरभाष पर आपदा प्रबन्धन अधिकारी को अवगत कराया गया। कि सिलक्यारा–पोलगांव निर्माणाधीन रोड टनल जो सिलक्यारा की ओर से भूस्खलन होने के कारण टनल अवरूद्ध हो गयी, जिसके अन्दर लगभग 35–40 मजदूर फंसे थे। उक्त सूचना के क्रम में आपदा प्रबन्धन अधिकारी/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल अपने व्यक्तिगत दूरभाष नम्बर से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, डुण्डा एवं राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को अवगत कराते हुये उक्त स्थल पर रेस्क्यू कार्य हेतु पुलिस/एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0/त्वरित कार्यवाही दल आदि दल सहित स्थानीय विभागीय अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को रवाना किया गया। स्थानीय पुलिस चौकी के पुलिस/एस0डी0आर0एफ/अग्निशमन टीम प्रातः लगभग 10:28 बजे मौके पर पहुॅचे। जनपद के कतिपय अधिकारी दीपावली अवकाश होने के कारण जनपद से बाहर थे तत्काल सभी अधिकारी छुट्टीयॉ रद्द कर सीधे मौके पर पहुॅचे। आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा तत्काल आपातकालीन परिचालन केन्द्र को एक्टिव करते हुये मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आई0आर0एस0 के उपस्थित नोडल अधिकारियों बैठक कर अपर जिलाधिकारी को मौके पर भेजे जाने के निर्देश दिये गये। एन0एच0डी0सी0एल0 के जनपद में उपस्थित अधिकारियों से समन्वय कर उनकी तात्कालिक मांग के अनुसार अतिरिक्त मशनरी के सम्बन्ध में कार्यवाही की गयी।

जिलाधिकारी के निर्देशन में विभिन्न उपस्थित विषय विशेषज्ञों से विमर्श कर कमाण्डर सीमा सड़क संगठन, एन0एच0ए0आई0 के चीफ जनरल मेनेजर, पुलिस अधीक्षक, कमान अधिकारी, 1442 बी0सी0सी0, सीमा सड़क संगठन एवं एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के सहयोग से टनल के अन्दर आये मलवे को 02 जे0सी0बी0 एवं 01 पोकलेन मशीन से युद्ध स्तर पर हटाया गया । इसके साथ ही उपस्थित विशेषज्ञों के परामर्श से फंसे मजदूरों तक पहुॅचने हेतु मलवा हटाकर सैटरिंग प्लेट आदि के माध्यम से सुरक्षित रास्ता (ESCAPE PASSAGE) तैयार किये जाने की कार्यवाही की गयी । टनल के ऊपरी भाग का विभिन्न खोज–बचाव दलों से सर्वेक्षण करवाया गया। सैटेलाईट फोन एवं प्रकाश व्यवस्था भेजी गयी है एवं ड्रोन कैमरा से सर्वेक्षण किया गया । मशीनरी को शीघ्र घटना स्थल पर पहुॅचाये जाने हेतु यातायात नियंत्रण हेतु विभिन्न स्थानों पर पुलिस तैनात की गयी। आपदा प्रबन्धन प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा घटना के सम्बन्ध में दूरभाष पर सूचना प्राप्त कर प्राथमिक रूप से लाईन प्लान नक्शा तैयार कर घटना स्थल व नजदीकी चिन्हित स्थायी हैलीपैड/हवाई पट्टी (चिन्यालीसौड) के कॉर्डिनेट जारी किये गये।



घटना स्थल अक्षांश एवं देशान्तर (Lat Long)	N- 30° 45' 26.'' E- 78° 15' 49 ''
चिन्हित हैलीपैड, चिन्यालीसौड	N- 30° 34' 44.44.'' E- 78° 19' 29.84 ''

मलवे को सुरक्षित हटाने तथा भूस्खलन को रोकने के उद्देश्य से कार्यदायी संस्था की सॉटक्रीटिंग मशीन कार्यस्थल पर पहुची। इसके साथ ही जल विद्युत निगम लखवाड, विकास नगर से ड्रिल रात्रि 9:00 बजे तक घटना स्थल पर पहुॅचायी गयी। टी0एच0डी0सी का कम्प्रेशर मौके पर पहुॅचाया गया तथा ड्रिल मशीन एवं जल सस्थान, उत्तरकाशी से 01 वार्टिकल ड्रिल मशीन घटना स्थल पर पर पहुॅचायी गयी। एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के टनल के बाहर पोकलेण्ड–03 जेसीबी–02, ट्रक–06, हाईड्रा–01, लोडर–02 एवं टनल के अन्तर पोकलेण्ड–04, सॉट क्रीटिंग–03, बूमर–02, हाईड्रा–02, ट्रक–02 उपलब्ध थे। लोक निर्माण विभाग से 02 अतिरिक्त जे0सी0बी0 भेजी गयी।

श्री अमित मलिक परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0आई0डी0सी0एल से दूरभाष पर वार्ता की गयी जिनके द्वारा अवगत कराया गया सिलक्यारा–पोलगांव बडकोट रोड टनल की कुल लम्बाई 4.5 किलोमीटर निर्माण की जानी प्रस्तावित है। जिसका सिलक्यारा की तरफ से लगभग 2.3 किलोमीटर भाग तथा पोलगांव बडकोट की तरफ से 1.7 किलोमीटर भाग निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा बीच में लगभग 500 मीटर भाग में टनल निर्माण कार्य अवशेष है। दिनांक 12.11.2023 को प्रातः लगभग 5:30 बजे उक्त निर्माणाधीन रोड टनल के सिलक्यारा की तरफ से टनल के 270 मीटर भाग के पास लगभग 30 मीटर क्षेत्र में मलवा आने के कारण टनल के अन्दर 40 मजदूर फंसे थे।उक्त फंसे मजदूर/कार्मिकों में झारखण्ड के 15, उत्तराखण्ड के 02, हिमाचल के 01, उत्तरप्रदेश 08, बिहार के 04 पं0 बंगाल के 03, असम के 02, एवं उडीसा के 05 मजदूर का होना बताया गयो। फंसे मजदूरों की सूची प्रेषित की गयी।

उक्त स्थान पर अन्य अधिकारियों/कार्मिकों की शिफ्टवार तैनाती की गयी। जिला स्तरीय अधिकारियों के अवकाश निरस्त किये गये है तथा जनपद में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी, उत्तरकाशी के माध्यम से भोजन/ठहरने आदि की व्यवस्था की गयी। उक्त के दृष्टिगत खोज–बचाव कार्यों, पुलिस/एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0/आई0टी0बी0पी0 12 वीं वाहिनी मातली/आई0टी0पी0पी0 35 वीं वाहिनी महिडाण्डा/सीमा सड़क संगठन/ स्वास्थ्य विभाग/त्वरित कार्यवाही दल आदि दल राहत बचाव उपकरणों सहित कुल 160 राहत कर्मी तैनात रहें।

संचार व्यवस्था हेतु अस्थायी पुलिस रेडियों संचार कन्ट्रोल रूम बनाया गया तथा अस्थायी पुलिस चौकी बनायी गयी। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया जिसमें 06 बैड की व्यवस्था सहित प्रर्याप्त चिकित्सा सामग्री रखी गयी है तथा 108 एम्बुलेंस–05 एवं विभागीय अन्य एम्बुलेंस–05, चिकित्साधिकारी–एवं अन्य सहायक कर्मी तैनात रहें तथा फंसे हुये मजदूरों से चिकित्सक द्वारा वार्ता कर परामर्शानुसार आवश्यक दवाईयॉ दी गयी।

लो0नि0वि0 के सहयोग से घटना स्थल से 05 किमी0 की दूरी पर स्थान स्यालना के पास अस्थायी हैलीपैड निर्माण की कार्यवाही प्रराम्भ की गयी इसके साथ ही चिन्यालीसौड व बडकोट स्थायी हैलीपैड/हवाई पट्टी भी राहत कार्यों हेतु एक्टिव/चिन्हित किया गया।

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण निदेशक, उत्तराखण्ड भूस्खलन–न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र की अध्यक्षता में टनल में भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों व स्थिति के सम्बन्ध में परीक्षण हेतु एक 07 सदस्यीय तकनीकी टीम गठित की गयी।

दिनांक 13.11.2023

जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर एन0एच0ए0आई0, आर0बी0एन0एल0, एन0एच0सी0एल0, L&T, टी0एच0डी0सी0, बी0आर0ओ0 एवं एन0एच0आई0डी0सी0एल के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के सहयोग से टनल के अन्दर आये मलवे को मशीनरी से युद्ध स्तर पर हटाये जाने की कार्यवाही की गयी तथा भूस्लखन वाले भाग के पास सॉटक्रीटिंग का कार्य किया गया। इसके साथ ही उपस्थित विशेषज्ञों के परामर्श से फंसे मजदूरों तक पहुॅचने हेतु मलवा हटाकर सेटरिंग प्लेट आदि के माध्यम से सुरक्षित रास्ता (ESCAPE PASSAGE) तैयार किये जाने की कार्यवाही की गयी। जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय तैनात नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

सॉटक्रीटिंग मशीन एवं हरिद्वार से 900 मिमी व्यास एमएस स्टील पाइप की व्यवस्था कर घटना स्थल पहुॅचाये गये। स्टील पाइप को सफलतापूर्वक लगवाये जाने एवं सहायता के लिए जल/निगम/सिंचाई विभाग की विशेषज्ञ टीम परियोजना स्थल पर पहुॅची। श्रमिकों के साथ कम्युनीकेशन किया गया तथा अवगत कराया गया कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों/के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध थी, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे।

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा 24X7 की तर्ज पर घटना स्थल पर साईट कन्ट्रोल रूम, हैल्प डेस्क पर स्टैजिंग एरिया एक्टिवेट सामग्री सहित अधिकारियों/कार्मिकों की रोस्टवार तैनाती की गयी। टनल के अन्दर फंसे 40 मजदूरों के परिजनों के समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गये तथा विभिन्न विभागों आवश्यक सेवाओं के स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये।

क्र.सं.	कन्ट्रोल रूम	सम्पर्क नम्बर
1	जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी। (जिला मुख्यालय) साईट कन्ट्रोल रूम	01374–222722, 222126 मो0 नम्बर– 7500337269 6396014066 (सिलक्यारा)
2	पुलिस कन्ट्रोल रूम, उत्तरकाशी	7455991223 7818066867 (सिलक्यारा) (पुलिस वायरलेस कम्युनीकेशन सेट)

घाटना स्थल पर रेस्क्यू हेतु आने वाले मशीनरी/अधिकारियों/विशेषज्ञों हेतु चिन्यालीसौड हावाईपट्टी, बडकोट हैलीपैड को चिन्हित किया एवं घटना स्थल स्यालना के पास हैलीपैड निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया। हैलीपैड में समस्त आवश्यक व्यवस्था भी की गयी।

घटना स्थल के नजदीक अस्थायी हैलीपैड स्यालना	**N 30°42'46'' E78°17'21''**
बडकोट हैलीपैड	**N 30° 48' 44'' E 78° 12' 12''**

शासन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तराखण्ड से समन्वय कर हैलीकॉप्टर उपलब्ध कराये जाने हेतु समन्वय किया किया गया।

मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार एवं सचिव महोदय आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्मित स्थायी हैलीपैड स्यालना से हैलीकॉप्टर के माध्यम से पहुॅचकर घटना स्थल का भ्रमण करते हुये राहत–बचाव कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

:: हेल्पलाइन ::

जनपद उत्तरकाशी के तहसील डुण्डा अन्तर्गत दिनांक 12.11.2023 को एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के सिलक्यारा–पोलगांव निर्माणाधीन रोड टनल के सिलक्यारा की तरफ से टनल के 270 मीटर भाग के पास मलवा आने के कारण टनल के अन्दर फंसे 40 मजदूर से सम्बन्धित सूचना हेतु हेल्पलाइन नम्बर–

क्र.सं.	कन्ट्रोल रूम	सम्पर्क नम्बर
1	जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी। (जिला मुख्यालय)	01374–222722, 222126 मो0 नम्बर– 7500337269
2	पुलिस कन्ट्रोल रूम, उत्तरकाशी	7455991223 78 18066867 (सिलक्यारा)

दिनांक 14.11.2023–

जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर एन0एच0ए0आई0, आर0बी0एन0एल0, एन0एच0सी0एल0, L&T, टी0एच0डी0सी0, बी0आर0ओ0, सिंचाई विभाग के तकनीकी कार्मिकों एवं एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के सहयोग से टनल के अन्दर ऑगर मशीन आपूर्ति कर ऑगर ड्रिलिंग मशीन के कार्य स्थल (Platform) का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया तथा ड्रिल मशीन के ड्रीलिंग के कार्य हेतु मशीन का अलाईमेंट/ड्रीलिंग की कार्यवाही की गयी। 900 एम0एम0 पाइप (प्रति पाइप–6 मीटर लम्बाई) 02 ट्रॉला में कुल 08 पाइप तथा 800 एम0एम0 पाइप (प्रति पाइप–6 मीटर लम्बाई) 01 ट्रक में कुल 05 पाइप जिनकी कुल लम्बाई–30 मीटर घटना स्थल पर पहुॅचाये गये। मीडिया सेन्टर स्थातिप किया गया।

इसके अतिरिक्त 01 अन्य ट्रक जिसमें 06 पाईप अतिरिक्त पहुॅचाये गये। एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों/के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध हैं, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित हैं। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा टनल में भूस्खलन के कारणों के सर्वेक्षण/जांच हेतु गठित तकनीकी टीम तैनात किये गये जिनके द्वारा सर्वेक्षण किया गया। जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षकक, अपर जिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय तैनात नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

आर0बी0एन0एल0 से शॉटक्रीटिंग, आर0ओ0सी0 मशीन तथा जल निगम से ऑगर मशीन उपलब्ध करायी गयी।

दिनांक 15.11.2023–

एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध थी, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे। फंसे मजदूरों/कार्मिकों के रेस्क्यू हेतु एस्केप टनल निर्माण किये जाने के लिये ऑगर ड्रीलिंग मशीन के कार्य स्थल का निर्माण कर ऑगर मशीन से ड्रीलिंग कार्य प्रारम्भ किया गया। उक्त मशीन की ड्रीलिंग के दौरान मलवे में बोल्डर होने के कारण क्षमता अनुरूप कार्य नहीं कर पा रही थी। जिस कारण अमेरिकन उच्च क्षमता की ऑगर ड्रीलिंग मशीन को नई दिल्ली से नजदीकी वायु सेना बेस से सेना के C-17 के माध्यम से चिन्यालीसौड हवाई पट्टी तक पहुंचाये जाने की कार्यवाही की गयी। वहां से घटना स्थल हेतु मशीन वाहन के माध्यम से भेजी गयी। घटना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी । चिन्यालीसौड हवाई पट्टी में उप जिलाधिकारी, डुण्डा/अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 चिन्यालीसौड एवं पुलिस/अग्निशमन आदि दल की तैनाती की गयी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था की गयी । महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून/विशेषज्ञ टीम आवश्यक सहयोग हेतु घटना स्थल पर मौजूद रहें। एनएचआईडीसीएल के निदेशक (ए एंड एफ), निदेशक (टी), कार्यकारी निदेशक (पी) और आरवीएनएल, राइट्स के विशेषज्ञ, प्राधिकरण के इंजीनियर मेसर्स नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड बचाव अभियान की करीबी निगरानी के लिए घटना स्थल पर मौजूद रहें।

कमाण्डेंट एस0डी0आर0एफ0, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी एवं तैनात जिला स्तरीय नोडल/विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहें।

JCB

दिनांक 16.11.2023–

एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध थी, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे फंसे मजदूरों/कार्मिकों के रेस्क्यू हेतु एस्केप टनल निर्माण किये जाने के लिये आपूर्ति उच्च क्षमता ऑगर ड्रिलिंग मशीन को स्थापित कर प्रातः 10:30 बजे से ड्रीनिंग की कार्यवाही की गयी। कुल 18 मीटर पाईप लगवाया गया। पेयजल निगम/अन्य तकनीकी दलों एवं महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादू/विशेषज्ञ टीम आवश्यक सहयोग हेतु घटना स्थल पर मौजूद रहे। एनएचआईडीसीएल के निदेशक (ए एंड एफ), निदेशक (टी), कार्यकारी निदेशक (पी) और आरवीएनएल, राइट्स के विशेषज्ञ, प्राधिकरण के इंजीनियर मेसर्स नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड बचाव अभियान की करीबी निगरानी के लिए घटना स्थल पर मौजूद रहे। राज्य मंत्री जनरल बी0के0 सिंह, भारत सरकार, केन्द्रीय सचिव, मुख्य अभियन्ता सडक परिवहन विभाग, भारत सरकार, कमाण्डेंट एस0डी0आर0एफ0, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी एवं तैनात जिला स्तरीय नोडल/विभागीय अधिकारी की बैठक आहूत कर कार्यवाही की गयी ।

दिनांक 16.11.2023 को समय रात्रि 2:02 बजे जनपद के तहसील पुरोला, बडकोट, मोरी में भूकम्प के झटके महसूस किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>

- भूकम्प का परिमाण– 3.1(रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude– 31.04° N
- देशान्तर/Longitude – 78.23° E
- समय– 02:02 PM बजे।
- भूकंप का केन्द्र– तहसील मोरी अन्तर्गत सांकरी के सिंगतुर रेंज वन क्षेत्र में।



दिनांक 17.11.2023–

जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, एवं DESIGNER M/S BERNARD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित किये जा रहे –

एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध गया, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे। मजदूरों को पाईप के माध्यम से प्रत्येक 30 मिनट के अन्तराल में काजू–500 ग्राम, भीगोये चने– 500 ग्राम, भूनेचने–500 ग्राम, मुरमुरे–500 ग्राम, पॉपकोर्न– 500 ग्राम, किसमिस–250 ग्राम टनल के अन्दर भेजा जा रहे।

सिलक्यारा टनल में उच्च क्षमता ड्रीलिंग मशीन से 22.00 मीटर पाईप (04 पाईप) को ड्रील तथा मशीन के सुरक्षात्मक कार्य किया गया। इन्दौर से एक अतिरिक्त (अर्थ ऑगर मशीन) को वायुसेना के C-17 एयरक्रॉफ्ट के माध्यम से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर रात्रि 1:30 बजे पहुॅचाया गया । उक्त मशीन को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से 03 वाहनों में लोड कर सड़क मार्ग के माध्यम से सिलक्यारा हेतु भेजा गया। आरवीएनएल से आरओसी मशीन/आरवीएनएल पैकेज III से एक और शॉटक्रीट मशीन उपलब्ध है। 01 ऑगर मशीन खराब हुयी।

हैलीकॉप्टर के माध्यम से Shri Mahmood Ahmed Additional Secretary, MoRTH, shri Bhaskar Khulbe, OSD Tourism, GoUK, shri. Mangesh Ghildiyal, Deputy Secy., PMO, shri Varun Adhikari, Geologist Engg, sri Armando Capellan, Expat Engineer घटना स्थल पर प्रातः 11 बजे तक पहुॅच गये।

घटना स्थल पर स्टैजिंग एरिया/हेल्पडेस्क में अधिकारियों की तैनाती की गयी। जहां पर वॉर्टिकल ड्रिल मशीन, हॉरिजेंटल ड्रिल मशीन सॉफ्ट किटिंग मशीन एवं एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के टनल के बाहर 03 पोकलेण्ड, 02 जेसीबी–02, ट्रक–06, हाईड्रा–01, लोडर–02 एवं टनल के अन्तर पोकलेण्ड–04, सॉट क्रीटिंग–03, बूमर–02, हाईड्रा–02, ट्रक–02 उपलब्ध थे। लोक निर्माण विभाग से 02 अतिरिक्त जे0सी0बी0 एवं अन्य विभागों 03 आवश्यक सामग्री आपूर्ति की गयी। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया , जिसमें 06 बैड की व्यवस्था सहित प्रर्याप्त चिकित्सा सामग्री रखी गयी तथा 108 एम्बुलेंस–05 एवं विभागीय अन्य एम्बुलेंस–05, चिकित्साधिकारी–एवं अन्य सहायक कर्मी तैनात रहें तथा फंसे हुये मजदूरों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यक दवायॉ दी गयी।

जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, ONGC एवं DESIGNER M/S BERNARD, PWD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित किये जा रहे–

- **ए**न0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध गया, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे। मजदूरों को पाईप के माध्यम से प्रत्येक 30 मिनट के अन्तराल में भोजन सामग्री भेजी जा रही। उत्तरप्रदेश के नोडल अधिकारी श्री अरूण मिश्रा द्वारा अन्दर फंसे मजदूरों से पाईप के माध्यम से वर्ता की गयी। मजदूरों द्वारा कुशल होना अवगत कराया गया।
- अतिरिक्त संचार व्यवस्था हेतु वॉकी–टॉकी आवंटित की गयी।
- बी0एस0एन0एल0/एस0डी0आर0एफ0 द्वारा टनल के अन्दर फंसे श्रमिकों के साथ संचार करने हेतु Intercom स्थापित किया गया।
- दिनांक 17.11.2023 तक सिलक्यारा टनल में ड्रीलिंग मशीन से 22.00 मीटर पाईप (04 पाईप) को ड्रील किया गया है। लाईफ सर्विस प्वॉट को सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया गया तथा कंक्रीट ह्यूम पाई से एक स्केप पेसेज बनाया गया। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य किया गया।
- Shri Mahmood Ahmed Additional Secretary, MoRTH, shri Bhaskar Khulbe, OSD Tourism, GoUK, shri Mangesh Ghildiyal, Deputy Secy. PMO, shri Varun Adhikari, Geologist Engg, shri Armando Capellan, Expat Engineer सहित सेना/ओ0एन0जी0सी0 तथा सीमा सड़क संगठन सहित पूर्व से उपस्थित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा टनल के आस–पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरान्त बैठक कर विचार–विर्मश कर बचाव अभियान हेतु अन्य विकल्पों पर कार्यवाही की जाने के सम्बन्ध में योजना बनाई जा गयी है। प्राथमिक रूप से विकल्पों हेतु तैयारी प्रारम्भ कर दी गयी।
- इन्दौर से एक अतिरिक्त (अर्थ ओगर मशीन) को वायुसेना के एयरक्रॉफ्ट के माध्यम से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर रात्रि 1:30 बजे पहुॅचाया गया तथा उक्त मशीन को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से 03 वाहनों के माध्यम से घटना स्थल सिलक्यारा में पहुॅचाया गया ।
- घटना स्थल पर निर्वाद संचार हेतु Jio रिलांयस के सहयोग से स्माल सैल नेटवर्क इन्टरनेट सेवा उपलब्ध करायी गयी है तथा कल दिनांक 19.11.2023 को ESC टॉवर की भी लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त बी0एन0एन0एल0 द्वारा भी उक्त स्थान पर बी0टी0एस0 माईक्रों टॉवर लगाये जाने की कार्यवाही की गयी।
- टनल में फंसे मजदूरों/कार्मिकों के परिजनों/अन्य प्रदेशों के आये नोडल अधिकारियों के ठहरने/खाने एवं आवागमन हेतु वाहन आदि की व्यवस्था की गयी । तथा मजदूरों के परिजनों से लाइजिनिंग/कॉउंसिंलिग आदि कार्यवाही भी की गयी । उक्त कार्य हेतु नोडल अधिकारी तैनात किये गये।
- आरवीएनएल से आरओसी मशीन/आरवीएनएल पैकेज III से एक और शॉटक्रीट मशीन उपलब्ध थी।
- घटना स्थल पर स्टैजिंग एरिया/हेल्पडेस्क एक्टिवेट किया गया है। जहां पर वॉर्टिकल ड्रिल मशीन, हॉरिजेंटल ड्रिल मशीन सॉफ्ट किटिंग मशीन, ऑगर मशीन–03 एवं एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के टनल के बाहर 03 पोकलेण्ड, 02 जेसीबी–02, ट्रक–06, हाईड्रा–01, लोडर–02 एवं टनल के अन्तर पोकलेण्ड–04, सॉट क्रीटिंग–03, बूमर–02, हाईड्रा–02, ट्रक–02 उपलब्ध है। लोक निर्माण विभाग से 02 अतिरिक्त जे0सी0बी0 एवं अन्य विभागों आवश्यक सामग्री आपूर्ति की गयी।
- स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया है, जिसमें 06 बैड की व्यवस्था सहित प्रर्याप्त चिकित्सा सामग्री रखी गयी है तथा 108 एम्बुलेंस–05 एवं विभागीय अन्य एम्बुलेंस–05, चिकित्साधिकारी–एवं अन्य सहायक कर्मी तैनात रहें।
- उक्त के दृष्टिगत खोज–बचाव कार्यों, पुलिस/02 अधिकारी एवं एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0/ आई0टी0बी0पी0 मातली/सीमा सड़क संगठन/ स्वास्थ्य विभाग/पुलिस वायरलेस द्वारा सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु 03 स्टैटिक सेट एवं 20 हेड सेट स्थापित किये गये है, जिसमें 01 अधिकारी एवं 08 जवान/त्वरित कार्यवाही दल आदि दल राहत बचाव उपकरणों सहित कुल 160 राहत कर्मी तैनात थे।

अधिकारियों/कार्मिकों की शिफ्टवार तैनाती की गयी एवं रात्री के समय समन्वय हेतु उप जिलाधिकारी बडकोट व आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के कार्मिकों की तैनाती की गयी।

- जिला पूर्ति अधिकारी, उत्तरकाशी के माध्यम से भोजन/ठहरने आदि की व्यवस्था की गयी।
- सैटेलाईट फोन एवं प्रकाश व्यवस्था की गयी। टनल में फंसे मजदूरों/कार्मिकों के परिजनों की सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर–1374–222722, 222126 मोबाईल न0–6396014066 जारी किये गये। साईट कन्ट्रोल रूम तैयार कर रोस्टरवार जिला स्तरीय अधिकारियों की गयी।

दिनांक 19.11.2023

- जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, ONGC एवं DESIGNER M/S BERNARD, PWD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के उपस्थित विशेषज्ञों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित किये जा रहे –
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध है, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे। मजदूरों को पाईप के माध्यम से प्रत्येक 30 मिनट के अन्तराल में भोजन सामग्री भेजी जा रही तथा परिजनों से पाईप के माध्यम से बात करवायी जा रही ।
- सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण का कार्य 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया तथा लगभग 200 मीटर अवशेष था, जिसमें कार्य लगातार किया गया।
- फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर एक अतिरिक्त 06 इंच के पाईप के ड्रिल की कार्यवाही गतिमान। वर्तमान तक लगभग 42 मीटर पाईल ड्रिल किया गया ।
- दिनांक 17.11.2023 तक सिलक्यारा टनल में ड्रीलिंग मशीन से 900 एम0एम0 पाई 22.00 मीटर (04 पाईप) को ड्रील किया गया। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य गतिमान है तथा पाईप को आगे कार्यशील किये जाने पर कार्यवाही की जा रही ।
- सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन घटना स्थल पर उपस्थित रहते हुये टनल के पास रेस्क्यू कार्यो का निरीक्षण किया गया।
- Shri Mahmood Ahmed Additional Secretary, MoRTH, shri Bhaskar Khulbe, OSD Tourism, GoUK, shri Mangesh Ghildiyal, Deputy Secy. PMO, shri Varun Adhikari, Geologist Engg, shri Armando Capellan, Expat Engineer सहित सेना/ओ0एन0जी0सी0 तथा सीमा सड़क संगठन सहित पूर्व से उपस्थित अन्य विषय विशेषज्ञों घटना क्षेत्र में उपस्थित थे तथा सर्वेक्षण के उपरान्त निम्न 05 कार्ययोजना पर कार्यवाही की जा रही ।

  योजना 01 – वॉर्टिकल ड्रीलिंग

  बाडकोट की ओर से बीआरओ सम्पर्क मार्ग और प्लेटफार्म निर्माण किया जायेगा। उक्त पर ONGC द्वारा वॉर्डिक ड्रीलिंक का कार्य करेगा।
- सिल्क्यारा साईट से बीआरओ पहुंच मार्ग और प्लेटफॉर्म निर्माण किया गया तथा
- आरवीएनएल द्वारा टनल पर आवश्यक सामग्री हेतु 06 इंच पाईप लगवाने का कार्य (लाइफ लाइन निर्माण)

  योजना 02–

  आरवीएनएल सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर वॉर्टिकल टनल का निर्माण किया गया

  योजना 03–

  टीएचडीसी बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण किया गया (क्षैतिज ड्रिलिंग)

  योजना 04–

  सुरंग का सुदृढ़ीकरण– एनएचआईडीसीए द्वारा किया गया।

  योजना 05

  मजदूरों को बाहर निकालने के सिलक्यारा की तरफ से लिए एनएचपीसी/एसजेवीएन ड्रीलिंग कार्य किया गया ।

  घटना स्थल पर निर्वाद संचार हेतु Jio रिलांयस के सहयोग से स्माल सैल नेटवर्क इन्टरनेट सेवा उपलब्ध करायी गयी तथा ESC टॉवर भी लगाये जाने की कार्यवाही की जा रही इसके अतिरिक्त बी0एन0एन0एल0 द्वारा भी उक्त स्थान पर बी0टी0एस0 माईक्रों टॉवर लगाये जाने की कार्यवाही की गयी।
- टनल में फंसे मजदूरों/कार्मिकों के परिजनों/अन्य प्रदेशों के आये नोडल अधिकारियों के ठहरने/खाने एवं आवागमन हेतु वाहन आदि की व्यवस्था की गयी तथा मजदूरों के परिजनों से लाइजिनिंग/कॉउंसिंलिग आदि कार्यवाही भी की गयी । उक्त कार्य हेतु नोडल अधिकारी तैनात थे।
- पुलिस रेडियों संचार अधिकारी को संचार व्यवस्था हेतु 24 वॉकाटॉकी सैट आपूर्ति किये गये।
- केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी एवं मा0 मुख्यमंत्री उत्तखण्ड सरकार द्वारा घटना स्थल/रेस्क्यू कार्यो का निरीक्षण किया गया।

2023/11/19 09:39

हेल्प डेस्क
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
उत्तरकाशी

दिनांक 20.11.2023

- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध है तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित थे। मजदूरों को पाईप के माध्यम से प्रत्येक 30 मिनट के अन्तराल में भोजन सामग्री भेजी जा रही तथा परिजनों से पाईप के माध्यम से बात करवायी गयी।

योजना 01– (सम्पर्क मार्ग/प्लेटफार्म)

- सिलक्यारा की तरफ से सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण कार्य किया गया जिसमें प्रस्तावित 1200 मीटर सड़क मार्ग में 1150 मीटर कार्य पूर्ण किया गया अवशेष कार्य रात्रि तक पूर्ण होने की सम्भावना से अवगत कराया गया।
- सीमा सड़क संगठन द्वारा बडकोट की ओर से 06 किमी0 रोड निर्माण कार्य किया गया। ONGC द्वारा टनल निर्माण हेतु सर्वेक्षण कार्य किया गया।

योजना 02 (सिलक्यारा से हॉरिजंटल डीलिंग)

- सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर टनल का निर्माण हेतु मशीनरी आपूर्ति की गयी। साईट का सर्वेक्षण एवं वर्तमान तक प्लेटफार्म तैयार किया गया। मशनरी दिनांक 21.11.2023 को सांय 4:00 बजे तक नाशिक से देहरादून पहुॅचेगी।
- उत्तराखण्ड पेयजल सम्बन्धी कार्मिक उक्त कार्य हेतु उपस्थित ।

योजना 03

- THDC द्वारा बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण कार्य (क्षैतिज ड्रिलिंग) उक्त कार्य हेतु कार्यस्थल पर मशीनरी/मानव संसाधन तैनात किये गये । रात्रि से कार्य प्रारम्भ किया गया।

योजना 04

- फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर RVNL/NHIDCL द्वारा टनल के अन्दर आवश्यक सामग्री हेतु तृतीय प्रयास में 06 इंच पाईप लगवाया गया । जिसकी कुल लम्बई 57 मीटर है। जिससे आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
- टनल के अन्तदर Safe passage निर्माण हेतु 03 बॉक्स कलर्वट स्थापित किये गये तथा अन्य कलर्वट स्थापित करने की कार्यवाही ROC मशीन के हटवाये जाने के उपरान्त की जायेगी कार्यस्थल पर वर्तमान समय में 16 कलर्वट उपलब्ध थे तथा 11 कलर्वट आपूर्ति की गयी।

योजना 5

- NHPC/SJVN द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने के सिलक्यारा की तरफ 1–1.2 मीटर व्यास टनल निर्माण की जानी। बी0आर0ओ0 द्वारा पहुॅच मार्ग बनाये जाने के उपरान्त कार्य होगा।
- GSI के भू–वैज्ञानिक घटना स्थल उप उपस्थित थे। जिनके द्वारा सर्वेक्षण किया गया।

- दिनांक 17.11.2023 तक सिलक्यारा टनल में ड्रीलिंग मशीन से 900 एम0एम0 पाई 22.00 मीटर (04 पाईप) को ड्रील किया गया। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य हयिा गया। रेस्क्यू सम्बन्धी कार्यों हेतु सर्वेक्षण कैमरा पैटी जिसका वजन–42 K एवं अधिकारियों को सहस्त्रधारा हैलीपैड देहरादून से स्यालना (सिलक्यारा) तक पहुॅचाये जाने हेतु युकाडा एवं उत्तराखण्ड शासन से समन्वय किया गया।
- पुलिस रेडियों संचार अधिकारी को संचार व्यवस्था हेतु 24 वॉकाटॉकी सैट आपूर्ति किये गये ।
  प्रकाश व्यवस्था हेतु 04 रिमोर्ट एरिया लाईट एवं 02 अस्का लाईट आदि घटना स्थल पर भेजे गये
  जिलाधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी घटना स्थल पर तैनात रहें। समय–समय पर मा0 विधायकगणों एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा घटना स्थल का भ्रमण कर किये जा रहें कार्यों का निरीक्षण किया गया।

दिनांक–21.11.2023

- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध हैं, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित हैं। मजदूरों को पाईप के माध्यम से प्रत्येक 30 मिनट के अन्तराल में भोजन सामग्री भेजी जा रही थी तथा परिजनों से पाईप के माध्यम से बात करवायी जा रही थी। इसके अतिरिक्त पाईप के माध्यम से दवाईयां भी आवश्यकतानुसार भेजी गयी।

योजना 01–

- सिलक्यारा की तरफ से सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण कर RVNL को उपलब्ध कराया गया। मशीनरी आपूर्ति की गयी RVNL को विघुत आदि सामग्री की आपूर्ति की गयी वॉर्टिक ड्रीलिंग 26.11.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना।
- सीमा सड़क संगठन द्वारा बडकोट की ओर से 06 किमी0 रोड निर्माण का कार्य गया। जिसमें सर्वेक्षण की कार्यवाही गतिमान है। ONGC द्वारा टनल निर्माण हेतु सर्वेक्षण कार्य किया गया।

योजना 02 (सिलक्यारा से डीलिंग–RVNL)

- सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर टनल का निर्माण हेतु मशीनरी आपूर्ति की गयी। साईट का सर्वेक्षण किया गया एवं कार्यस्थल पर प्लेटफार्म निर्माण रात्रि तक पूर्ण होगा। कार्यस्थल पर विद्युत आपूर्ति आदि की गयी। नाशिक से भेजी गयी मशीनरी घटना स्थल पर पहुॅच गयी थी तथा दिल्ली से भेजी गयी मशीनरी ऋषिकेश से घटना स्थल पर पहुॅचायी गयी। कार्यस्थल पर उपकरण 23.11.2023 तक स्थापित होने की सम्भावना बताई गयी।
- निर्माण की जा जल आपूर्ति लाईन दिनांक 22.11.2023 की सांय तक निर्माण होने की सम्भावना से अवगत कराया गया। उत्तराखण्ड पेयजल सम्बन्धी कार्मिक उक्त कार्य हेतु उपस्थित रहें।

योजना 03

- THDC द्वारा बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण कार्य (क्षैतिज ड्रिलिंग) उक्त कार्य हेतु कार्यस्थल पर मशीनरी/मानव संसाधन तैनात किये गये । रात्रि में दो विस्फोट किये गये है, जिसमें 6.4 m drift तथा वर्तमान में शॉटक्रीट की कार्यवाही कि गयी। शॉटक्रीटिंग की कार्यवाही पूर्ण होने पर रात्रि में

ड्रेनेज होल निर्माण/रिब निर्माण तथा कंक्रीटिंग की कार्यवाही की जायेगी।

योजना 04

- फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर RVNL/NHIDCL द्वारा टनल के अन्दर तृतीय प्रयास में 06 इंच पाईप सफलतापूर्व लगवाया गया, जिसकी कुल लम्बई 57 मीटर है। रात्रि में उक्त पाईप से फल/ आदि खाद्य सामग्री/दवां भेजी गयी है तथा पाईप से वीडियों कैमरा लगवाया गया ।
- सिलक्यारा टनल में पहले से ड्रील 900 एम0एम0 पाईप के अन्दर से 800 एम0एम0 व्यास के पाईप वेल्डिंग कर चौथे पाईप (06 मीटर लम्बाई) के ड्रीलिंग की कार्यवाही गतिमान। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य गतिमान किया गया।
- टनल के अन्दर 190 से 150 मीटर सुरक्षित Safe passage मार्ग निर्माण किया गया। अन्य कलर्वट स्थापित करने की कार्यवाही गतिमान है। कार्यस्थल पर वर्तमान समय में 14 कलर्वट उपलब्ध थे तथा 06 कलर्वट आपूर्ति की गयी।

योजना 5

- SJVN द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने हेतु सिलक्यारा की तरफ 1.2 मीटर व्यास टनल निर्माण की गयी। बी0आर0ओ0 द्वारा कार्यस्थल पर पहुॅच मार्ग पूर्ण कर SJVN को उपलब्ध कराया गया । मशीनरी को स्थापित किये जाने की कार्यवाही की गयी।

योजना 6

- टनल के अन्दर Drift inside Tunnel के निर्माण हेतु (1.5 मीटर X 1.5 मीटर) हेतु रूपरेखा तैयार कर सेना के वेल्डरों द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है । 02 फ्रेम तैयार किया गये है। जिसमें सेना के 03 अधिकारी, 02 जेसीओ एवं 34 अन्य जवान तैनात रहें।
- GSI के भू–वैज्ञानिक घटना स्थल पर उपस्थित थे। जिनके द्वारा सर्वेक्षण किया गया।
- श्री नीरज खैरवाल, सचिव, उत्तराखण्ड शासन, महानिदेशक, सूचना, उत्तराखण्ड घटना स्थल पर तैनात रहें।
- जनपद में तैनात उप जिलाधिकारी घनशाली, हरिद्वार घटना स्थल पर तैनात रहें।
- श्री गिरीश जोशी, DRM परियोजना उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन घटना स्थल पर मौजूद रहें।
- दिनांक 17.11.2023 तक सिलक्यारा टनल में ड्रीलिंग मशीन से 900 एम0एम0 पाई 22.00 मीटर (04 पाईप) को ड्रील किया गया । उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य किया गया।
- दिनांक 21.11.2023 को रेस्क्यू सम्बन्धी कार्यों हेतु सर्वेक्षण कैमरा पैटी जिसका वजन–42 K एवं अधिकारियों को सहस्त्रधारा हैलीपैड देहरादून से स्यालना (सिलक्यारा) तक पहुॅचाया गया।
- पुलिस रेडियों संचार अधिकारी को संचार व्यवस्था हेतु 24 वॉकाटॉकी सैट आपूर्ति किये गये । प्रकाश व्यवस्था हेतु 04 रिमोर्ट एरिया लाईट एवं 02 अस्का लाईट आदि घटना उपलब्ध रखी गयी।
- दिनांक 18.11.2023 को इन्दौर से एक अतिरिक्त (अर्थ ओगर मशीन) को वायुसेना के एयरक्रॉफ्ट के माध्यम से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट तथा उक्त मशीन को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से 03 वाहनों के माध्यम से घटना स्थल सिलक्यारा में पहुॅचाया गया ।
- जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था की गयी।

2023/11/20 23:40

2023/11/19 15:37

दिनांक 22.11.2023

- जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, ONGC एवं DESIGNER M/S BERNARD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के उपस्थित विशेषज्ञों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित किये गये।
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध हैं, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित होना बताया गया।
- योजना 01–
- दिनांक 20.11.2023 को फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर RVNL/NHIDCL द्वारा टनल के अन्दर तृतीय प्रयास में 06 इंच पाईप सफलतापूर्वक लगवाया गया है, जिसकी लम्बाई बढ़ाई गयी है। उक्त पाईप से फल/खाद्य सामग्री/दवां भेजी गयी।
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा सिलक्यारा टनल में पहले से ड्रील 900 एम0एम0 पाईप के अन्दर से 800 एम0एम0 व्यास के 08 वें पाईप सांय 4:15 बजे तक ऑगर मशीन से ड्रीलिंग कर लगाये गये है जिसकी कुल लम्बाई 44 मीटर है। 9 वें पाईप के अलाईमेंट/वॉल्डिंग की कार्यवाही की गयी। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधन उपलब्ध रखी गयी।
- आगर ड्रीलिंग मशीन के पास टनल के अन्दर ह्यूम पाईप/कंक्रीट आदि से 67 मीटर (187 मीटर से 120 मीटर) तक सुरक्षित Safe passage मार्ग निर्माण किया गया ।
- सिलक्यारा की तरफ से सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण कर RVNL को उपलब्ध कराया गया। मशीनरी आपूर्ति की जा रही है RVNL को विघुत आदि सामग्री की आपूर्ति की गयी।
- एस0डी0आर0एफ0 द्वारा मजदूरों से संचार व्यवस्था की गयी ।
- विघुत आपूर्ति की गयी ।

योजना 2

- SJVN द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने हेतु सिलक्यारा की तरफ 1.2 मीटर व्यास टनल निर्माण की जानी। बी0आर0ओ0 द्वारा दिनांक 20.11.2023 तक कार्यस्थल पर पहुॅच मार्ग पूर्ण कर SJVN को उपलब्ध कराया गया । मशीनरी को स्थापित किये जाने की कार्यवाही की गयी।

योजना 03 (सिलक्यारा से डीलिंग–RVNL)

- सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर टनल का निर्माण हेतु मशीनरी आपूर्ति की जा रही है। साईट का सर्वेक्षण किया गया एवं कार्यस्थल पर प्लेटफार्म निर्माण किया गया। कार्यस्थल पर विद्युत आपूर्ति आदि की गयी । नाशिक से भेजी गयी मशीनरी घटना स्थल पर पहुॅच गयी है तथा दिल्ली से भेजी गयी मशीनरी ऋषिकेश आपूर्ति की गयी ।
- ड्रील हेतु जल आपूर्ति लाईन निर्माण कार्य गतिमान है। उत्तराखण्ड पेयजल सम्बन्धी कार्मिक उक्त कार्य हेतु उपस्थित रहें।

योजना 04

- बडकोट की तरफ से वॉर्टिकल ड्रीनिंग हेतु ONGC द्वारा साईट सर्वेक्षण किया गया। इन्दोर से एयर ड्रीलिंग रिग साईट पर पहुॅचायी गयी।

योजना 05

- THDC द्वारा बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण कार्य (क्षैतिज ड्रिलिंग) उक्त कार्य हेतु कार्यस्थल पर मशीनरी/मानव संसाधन तैनात किये गये । शॉटक्रीट की कार्यवाही गतिमान है।

योजना 6

- टनल के अन्दर Drift inside Tunnel के निर्माण हेतु (1.2 मीटर X 1.5 मीटर) हेतु रूपरेखा तैयार कर सेना के वेल्डरों द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया । 08 फ्रेम तैयार किया गये । जिसमें सेना के 03 अधिकारी, 02 जेसीओ एवं 34 अन्य जवान थे।
- विशेष कार्यकारी अधिकारी श्री भाष्कर खुलबे, डॉ नीरज खैरवाल, सचिव, उत्तराखण्ड शासन समन्वय अधिकारी, महानिदेशक, सूचना, उत्तराखण्ड, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि जनपद स्तरीय अधिकारी

उपस्थित थे।

- जनपद में तैनात उप जिलाधिकारी घनशाली, हरिद्वार घटना स्थल पर तैनात थे।
- श्री गिरीश जोशी, DRM परियोजना उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन घटना स्थल पर मौजूद रहे।
- विभिन्न संस्थाओं के कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति, ड्रीलिंग कार्य हेतु पेयजल आदि की आपूर्ति की गयी।
- GSI के भू–वैज्ञानिक घटना स्थल पर उपस्थित थे। जिनके द्वारा सर्वेक्षण किया गया।
- दिनांक 17.11.2023 तक सिलक्यारा टनल में ड्रीलिंग मशीन से 900 एम0एम0 पाई 22.00 मीटर (04 पाईप) को ड्रील किया गया। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य किया गया।
- दिनांक 21.11.2023 को रेस्क्यू सम्बन्धी कार्यों हेतु सर्वेक्षण कैमरा पैटी जिसका वजन–42 kg एवं अधिकारियों को सहस्त्रधारा हैलीपैड देहरादून से स्यालना (सिलक्यारा) तक पहुॅचाया गया।
- पुलिस रेडियों संचार अधिकारी को संचार व्यवस्था हेतु 24 वॉकाटॉकी सैट आपूर्ति किये गये ।
- प्रकाश व्यवस्था हेतु 09 रिमोर्ट एरिया लाईट एवं 05 अस्का लाईट आदि सर्च लाईट घटना स्थल पर भेजे गये । जिला पूर्ति विभाग के सहयोग से ईंधन आपूर्ति की गयी।
- टनल के पास फोन जमा करने हेतु कूपन तैयार कार्यवाही की गयी।

दिनांक–23.11.2023

- जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, ONGC एवं DESIGNER M/S BERNARD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के उपस्थित विशेषज्ञों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित किये गये–
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध हैं, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित हैं।
- योजना 01–
- दिनांक 20.11.2023 को फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर RVNL/NHIDCL द्वारा टनल के अन्दर तृतीय प्रयास में 06 इंच पाईप सफलतापूर्वक लगवाया गया है, जिसकी लम्बाई बढ़ाई गयी है। उक्त पाईप से फल/दाल–रोटी आदि खाद्य सामग्री/दवाईयॉ भेजी जा रही है एवं संचार व्यवस्था की गयी है। उक्त पाईप के आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किया गया ।
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा सिलक्यारा टनल में पहले से ड्रील 900 एम0एम0 पाईप के अन्दर से 800 एम0एम0 व्यास के 08 वॉ पाईप दिनांक 22.11.2023 को सांय 4:15 बजे तक ऑगर मशीन से ड्रीलिंग कर लगाये गये । जिसकी कुल लम्बाई 44 मीटर है। 9 वें पाईप लगाने के दौरान आगे सरिया आने के कारण ड्रील नहीं किया जा सका । गैस कटर से उक्त सरिया/अवरोध को हटाया गया तथा ऑगर मशीन में ड्रिल की कार्यवाही प्रारम्भ किया गया। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधन उपलब्ध थे। सम्बन्धित विशेषज्ञों की टीम घटना स्थल पर उपस्थित रहते हुये कार्यवाही/निगरानी की गयी।
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के अधिकारी द्वारा की गयी मांग के अनुसार आपदा प्रबन्धन द्वारा उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण, देहरादून से समन्वय कर हैलीकाप्टर के माध्यम से दो राउंड में एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के ऑपरेटर/तकनीकी कार्मिक पहुॅचाये गये।
- हैलीकॉप्टर के माध्यम से तीसरे राउंड में CIMFR संस्थान, रूडकी से विशेषज्ञों की टीम घटना स्थल पर पहुॅचायी गयी।
- हैलीकॉप्टर के माध्यम से जनरल बी0के0 सिंह जी मा0 मंत्री भारत सरकार , सचिव, MoRTH भारत सरकार, DG,NDRF एव आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौडी, IG पुलिस गढ़वाल घटना स्थल पर पहुॅचकर राहत कार्यों का निरीक्षण किया गया।
- हैलीकॉप्टर के माध्यम मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार घटना स्थल पर पहुॅचकर राहत–बचाव कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा फंसे मजदूरों से वर्ता की गयी।
- आगर ड्रीलिंग मशीन के पास सुरक्षा उपाय किये गये । कार्मिकों की सुरक्षा हेतु टनल के अन्दर ह्यूम पाईप/कंक्रीट आदि से 67 मीटर (187 मीटर से 120 मीटर) तक सुरक्षित Safe passage मार्ग निर्माण किया गया ।
- सिलक्यारा की तरफ से सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण कर RVNL को उपलब्ध कराया गया। मशीनरी आपूर्ति की जा रही है RVNL को विघुत आदि सामग्री की आपूर्ति की गयी ।

योजना 2

- SJVN द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने हेतु सिलक्यारा की तरफ 1.2 मीटर व्यास टनल निर्माण की जानी है। बी0आर0ओ0 द्वारा दिनांक 20.11.2023 तक कार्यस्थल पर पहुॅच मार्ग पूर्ण कर SJVN को उपलब्ध कराया गया। मशीनरी कार्य स्थल पर पहुॅच गयी तथा स्थापित किये जाने की कार्यवाही की गयी।

योजना 03 (सिलक्यारा से डीलिंग–RVNL)

- सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर टनल का निर्माण हेतु मशीनरी आपूर्ति की गयी। साईट का सर्वेक्षण किया गया है एवं कार्यस्थल पर प्लेटफार्म निर्माण किया जा रहा है। कार्यस्थल पर विद्युत आपूर्ति आदि की गयी। नाशिक/दिल्ली से भेजी गयी मशीनरी एवं अन्य लोग कार्य स्थल पर मौजूद ।
- ड्रील हेतु जल आपूर्ति लाईन निर्माण कार्य किया गया। उत्तराखण्ड पेयजल सम्बन्धी कार्मिक उक्त कार्य हेतु उपस्थित ।

योजना 04

- बडकोट की तरफ से वॉर्टिकल ड्रीनिंग हेतु ONGC द्वारा साईट सर्वेक्षण किया गया।

योजना 05

- THDC द्वारा बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण कार्य (क्षैतिज ड्रिलिंग) उक्त कार्य हेतु कार्यस्थल पर मशीनरी/मानव संसाधन तैनात किये गये । ड्रीलिंग/शॉटक्रीट की कार्यवाही गतिमान ।

योजना 6

- टनल के अन्दर Drift inside Tunnel के निर्माण हेतु (1.2 मीटर X 1.5 मीटर) हेतु रूपरेखा तैयार कर सेना के वेल्डरों द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया । 10 फ्रेम तैयार किया गये। जिसमें सैना के 03 अधिकारी, 02 जेसीओ एवं 34 अन्य जवान तैनात रहें।
- वायुसैना के 02 हैलीकॉप्टर उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध कर समन्वय किया गया। उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विभाग तथा शासन से भी फंसे मजदूरों को ट्रॉमा/साइको केयर हेतु AIIMS ऋषिकेश पहुॅचाया जाने हेतु हैलीकॉप्टर उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया ।
- जनपद में तैनात उप जिलाधिकारी घनशाली, हरिद्वार घटना स्थल पर तैनात रहें।
- विभिन्न संस्थाओं के कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति एवं ड्रीलिंग कार्य हेतु पेयजल आदि की आपूर्ति की गयी।
- GSI के भू–वैज्ञानिक द्वारा सर्वेक्षण किया गया।
- दिनांक 21.11.2023 को रेस्क्यू सम्बन्धी कार्यों हेतु सर्वेक्षण कैमरा पैटी जिसका वजन–42 kg एवं अधिकारियों को सहस्त्रधारा हैलीपैड देहरादून से स्यालना (सिलक्यारा) तक पहुॅचाया गया।
- पुलिस रेडियों संचार अधिकारी को संचार व्यवस्था हेतु 24 वॉकाटॉकी सैट आपूर्ति किये गये।
- प्रकाश व्यवस्था हेतु 09 रिमोर्ट एरिया लाईट एवं 05 अस्का लाईट आदि सर्च लाईट घटना स्थल पर आपूर्ति की गयी। जिला पूर्ति विभाग के सहयोग से ईंधन आपूर्ति की जा रही ।
- टनल में फंसे मजदूरों/कार्मिकों के परिजनों/अन्य प्रदेशों के नोडल अधिकारियों के ठहरने/खाने एवं ट्रॉसपोर्ट एवं मजदूरों के परिजनों से लाइजिनिंग/कॉउंसिंलिग आदि समस्त व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी तैनात रहें।
- उक्त के दृष्टिगत राहत–बचाव कार्यों, पुलिस अधीक्षक, 03 पुलिस उपाधीक्षक, 08 निरीक्षक, 12 उप निरीक्षक, अन्य पुलिस कार्मिक– 95 एवं पी0एस0सी0–85 पुलिस रेडियों संचार निरीक्षक, 03 कार्मिक, अग्निशमन–12 जवान, एस0डी0आर0एफ के 02 निरीक्षक, 37 जवान, एन0डी0आर0एफ0 के 02 अधिकारी, 33 जवान, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अधिकारी एवं 15 कार्मिक एवं नोडल अधिकारी/कार्मिकों की रोस्टरवार तैनाती, आई0टी0बी0पी0 12वी0 वाहिनी मातली के 01 अधिकारी एवं 34 जवान, आई0टी0पी0पी0 35वी0 वाहिनी महिडाण्डा से 02 अधिकारी एवं 17 जवान, सेना के 03 अधिकारी, 02 जेसीओ एवं 34 अन्य जवान है, जल निगम महाप्रबन्धक, अधिशासी अभियन्ता, 06 सहायक अभियन्ता/कनि0 अभियन्ता, यू0जे0वी0एन0एल0 के अधिकारी/ड्रीलिंग एक्सपर्ट 02, सूचना विभाग के अधिकारी/कर्मचारी–02, जिला पूर्ति विभाग के अधिकारी एवं 09 पूर्ति निरीक्षक एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के अधिकारी/कर्मचारी तथा जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तैनात थे।
- पुलिस वायरलेस द्वारा सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु 03 स्टैटिक सेट एवं 20 हेंड सेट स्थापित किये गये ,
- जिला पूर्ति अधिकारी, उत्तरकाशी के माध्यम से भोजन/ठहरने की व्यवस्था की गयी।
- सैटेलाईट फोन एवं प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध रखी गयी।
- घटना स्थल से 05 किमी0 की दूरी पर स्थान स्यालना के पास अस्थायी हैलीपैड निर्माण किया गया तथा बडकोट/चिन्यालीसौड हैलीपैड भी राहत कार्यों हेतु एक्टिव/चिन्हित किया गया ।

हैलीकॉप्टर के माध्यम से तीसरे राउंड में CIMFR संस्थान, रूडकी तथा दिल्ली से आये अन्य तकनीकी सदस्यों को देहरादून से घटना स्थल पर पहुॅचाया गया। मा0 मंत्री भारत सरकार, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार, सचिव, MoRTH भारत सरकार, DG,NDRF एव आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौडी, IG पुलिस गढ़वाल घटना स्थल पर पहुॅचकर राहत कार्यों का निरीक्षण किया गया।

दिनांक 24.11.2023

दिनांक 24.11.2023 को ड्रीलिंग के दौरान सिरया/गडर आदि के अवरोध को हटाते ऑगर मशीन के अलाईमेंट/प्लेटफार्म का कंक्रीट आदि से सुदृढीकरण कार्य किया गया तद्पश्चात ड्रीलिंग की कार्यवाही गयी सांय तक 46.9 मीटर ड्रीलिंग की गयी। ड्रीलिंग के दौरान पुनः सरिया/गाडर आने के कारण उसकों हटाये जाने की कार्यवाही की गयी। ऑगर मशीन के विशेषज्ञ एवं स्पेशल टीम को पाईप के अन्दर भेज कर GPR मशीन से वीडियों बनाकर सर्वेक्षण किया। केन्द्रीय खनन टीम/CIMFR संस्थान, रूडकी से विशेषज्ञों आदि संस्थान के विशेषज्ञ घटना स्थल पर उपस्थित थे। घटना स्थल पर, केंद्रीय राज्य मंत्री, सांसद, सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय के सचिव, अपर सचिव (सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार), एम.डी0, एनएचआईडीसीएल, आयुक्त गढ़वाल मंडल, विधायक गंगोत्री एवं यमुनोत्री विधानसभा रेस्क्यू आभियान के समन्वयक सचिव, उत्तराखण्ड शासन, सूचना महानिदेशक, जिलाधिकारी, एसडीएफआर कमाडेंट, पुलिस अधीक्षक आद उपस्थित रहें। मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जनपद अन्तर्गत आई0टी0बी0पी0मातली में कैम्प

कार्यालय स्थापित करते हुये घटना स्थल/टलन में जा कर रेस्क्यू कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षित व त्रीव गति से रेस्क्यू कार्य सम्पादित किये जाने के निर्देश दिये गये।

योजना– 01 दिनांक–26.11.2023 दिनांक 26.11.2023 को प्लाज्मा कटर से ऑगर मशीन की ब्लेड को काटने में कठिनाई होने के कारण गैस कटर से ब्लेड को काटकर ऑगर ब्लेड बाहर निकालने की कार्यवाही की गयी। कार्मिकों की सुरक्षा हेतु टनल के अन्दर ह्यूम पाईप/कंक्रीट आदि से 67 मीटर (187 मीटर से 120 मीटर) तक सुरक्षित Safe passage मार्ग निर्माण किया गया । दिनांक 25.11.2023 हैदराबाद से भारतीय सेना के डोनियर बिमान से 3 ISRO वैज्ञानिक, Plasma Cutting मशीन के साथ जौलीग्राण्ट सायं 4:30 बजे देहरादून पहुॅचाया तथा जौलीग्राण्ट देहरादून वाहन आपूर्ति करते हुये रात्रि 2:10 बजे घटना स्थल पर पहुॅचाये गये । चण्डीगढ़ से लेजर कटर आज प्रातः 7:00 बजे घटना स्थल पर पहुॅचा। दिनांक 25.11.2023 को उड़ीसा से Heavy Pilling Rig मशीन 75 टन घटना स्थल हेतु ट्रॉला वाहन संख्या– GJ12PB9611 के माध्यम से भेजी जो उत्तरकाशी आयी। मशीन के सुचारू आवागमन की व्यवस्था की गयी। बलसाद से भी गयी मशीन घटना स्थल पहुॅचायी गयी। CIMFR संस्थान, रूडकी, ऑगर मशीन के विशेषज्ञ एवं GPR स्पेशल टीम घटना स्थल पर उपस्थित थे।

योजना–2

SJVN द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने हेतु सिलक्यारा की तरफ 1.2 मीटर व्यास टनल निर्माण हेतु बी0आर0ओ0 द्वारा दिनांक 20.11.2023 तक कार्यस्थल पर पहुॅच मार्ग पूर्ण कर SJVN को उपलब्ध कराया गया है। ड्रीलिंग मुख्य मशीनरी कार्य स्थल पर पहुॅच गयी । तथा दोपहर 12:00 बजे से ड्रीलिंग प्रारम्भ की गयी ।

योजना 03 (सिलक्यारा से वार्टिकल डीलिंग–RVNL)

सिल्क्यारा की ओर से 170 मीटर टनल का निर्माण हेतु मशीनरी आपूर्ति की गयी। साईट का सर्वेक्षण किया गया एवं कार्यस्थल पर प्लेटफार्म निर्माण किय गया । कार्यस्थल पर विद्युत आपूर्ति आदि की गयी । नासिक/दिल्ली से मशीनरी 22.11.2023 तक मशीनरी एवं अन्य लोग कार्य स्थल पर मौजूद थे। प्लेटफार्म निर्माण कार्य किया जा रहा।

सिलक्यारा की तफर से 6 इंच एवं 8 इंच की वॉर्टिकल ड्रीलिग की गयी। सिलक्यारा की तरफ से सीमा सड़क संगठन द्वारा टनल के ऊपर पहुॅच सड़क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण कर RVNL को उपलब्ध कराया गया। मशीनरी आपूर्ति की जा रही है RVNL को विघुत आदि सामग्री की आपूर्ति की गयी। प्लेटफार्म तैयार कर वर्तमान समय तक 40 मीटर ड्रीलिंग पूर्ण की गयी।

योजना 04

बडकोट की तरफ से वॉर्टिकल ड्रीनिंग हेतु ONGC द्वारा साईट सर्वेक्षण किया गया। इन्दोर से एयर ड्रीलिंग रिग मशीन कार्यस्थल पर पहुॅच गयी इसके अन्य एयर हेमर ड्रीलिंग ऋषिकेश में रखी गयी, मैंगो कटर मशीन आज कार्यस्थल पर पहुॅच गयी। मशीनरी आपूर्ति की गयी। सीमा सड़क संगठन द्वारा मार्ग निर्माण किया गया। जिसमे 5000 मीटर में से 1050 मीटर कार्यपूर्ण किया गया।

योजना 05

THDC द्वारा बड़कोट की ओर से 483 मीटर टनल का निर्माण कार्य (क्षैतिज ड्रिलिंग) उक्त कार्य हेतु कार्यस्थल पर मशीनरी/मानव संसाधन तैनात किये गये । ड्रीलिंग/शॉटक्रीट की कार्य किया गया। कुल 10. 6 मीटर लम्बाई टनल तैयारी की गयी तथा 13 रिब तैयार की गयी।

योजना–06

टनल के अन्दर Drift inside Tunnel के निर्माण हेतु (1.2 मीटर X 1.5 मीटर) हेतु रूपरेखा तैयार कर सेना के वेल्डरों द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया । 22 फ्रेम तैयार किया गये

स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया, जिसमें 09 बैड की व्यवस्था सहित प्रर्याप्त चिकित्सा सामग्री रखी गयी तथा 41 एम्बुलेंस, 15 चिकित्सक एवं 90 अन्य स्वास्थ्य कर्मी/चालक तैनात थे। चिन्यालीसौड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में श्रमिकों के उपचार हेतु 41 बेड युक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य व्यवस्था की गयी।

जनरल (से.नि), बी.के सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री, सांसद, सचिव, सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय, अपर सचिव (सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार, रेस्क्यू आभियान के समन्वयक डॉ. नीरज खैरवाल सचिव, उत्तराखण्ड शासन, द्वारा राहत कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण किया गया। एम. डी0, एनएचआईडीसीएल, सूचना महानिदेशक, जिलाधिकारी, एसडीएफआर कमाडेंट, पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारी घटना स्थल मौके पर मौजूद रहें।

दिनांक 25.11.2023

- जनपद स्तरीय संसाधनों सहित सम्बन्धित विशेषज्ञों से विमर्श कर BRO,NHAI,RVNL,RITES, INDIAN RAILWAYS, USBRL, IRCON, KRCL, SJVNL, AUTHORTIY ENGINEER M/S NAVAYUGA ENGINEERING COMPANY LTD, ONGC एवं DESIGNER M/S BERNARD के तकनीकी एवं अन्य संसाधनों के उपस्थित विशेषज्ञों के सहयोग से निम्न कार्य सम्पदित गये–
- एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के पास पानी, भोजन, ऑक्सीजन, बिजली सभी उपलब्ध हैं, तथा सभी फंसे हुए मजदूर/कार्मिक सुरक्षित होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।
- योजना 01–
- दिनांक 20.11.2023 को फंसे मजदूरों के भोजन आदि सामग्री को भेजे जाने के लिये टनल के अन्दर तृतीय प्रयास में 06 इंच पाईप सफलतापूर्वक लगवाया गया। जिसकी लम्बाई बढ़ाई गयी। उक्त पाईप से फल/खाद्य सामग्री रोटी–दाल आदि/चिकित्सक के परामर्शानुसार दवाईयॉ दी गयी एवं संचार व्यवस्था स्थापित थी। उक्त पाईप के आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किया गया ।
- दिनांक 24.11.2023 सिरया/गडर को हटाते हुये 800 एम0एम0 पाईप के अन्दर जा कर पाईप के आगे मुडे भाग 1.2 मीटर पाईप को वल्डिंग मशीन से काटा गया तथा ऑगर मशीन के अलाईमेंट/प्लेटफार्म का कंक्रीट आदि से सुदृढीकरण कार्य किया गया। सायं 4:30 बजे से 10 वें पाईप को ड्रीलिंग प्रारम्भ कर 46.9 मीटर पाईप लगवाया गया। ड्रीलिंग के दौरान पुनः अवरोध आने के कारण आंगर ड्रीलिंग मशीन को वापस करते समय ऑगर मशीन की ब्लेड पाईप के अन्दर टूट जाने के कारण उसे निकालने की कार्यवाही की गयी। उक्त स्थान पर मशीन एवं अन्य मानव संसाधन उपलब्ध है। सम्बन्धित विशेषज्ञों की टीम घटना स्थल पर उपस्थित रहते हुये कार्यवाही/निगरानी की गयी।

  CIMFR संस्थान, रूडकी, ऑगर मशीन के विशेषज्ञ एवं GPR स्पेशल टीम घटना स्थल पर उपस्थित रहें।
- हैदराबाद से भारतीय सेना के डोनियर बिमान से 3 ISRO वैज्ञानिक, Plasma Cutting मशीन के साथ जौलीग्राण्ट सायं 4:30 बजे देहरादून पहुॅचाया तथा जौलीग्राण्ट देहरादून से घटना स्थल पर पहुॅचने हेतु वाहन आपूर्ति किया गया ।
